University in News on 30 July 2022

HINDUSTAN PAGE 6

दो साल बाद राष्ट्रगौरव परीक्षा पांच-छह को

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय राष्ट्रगौरव की परीक्षा दो वर्षों से नहीं हो सकी है। वर्तमान जारी अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षाओं के शेड्यूल में राष्ट्रगौरव को शामिल नहीं किया गया था। जिससे छात्र काफी ज्यादा परेशान थे। शुक्रवार देर शाम परीक्षा नियंत्रक ने राष्ट्रगौरव और एनवॉयरमेंटर स्टडीज विषय का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया।

राष्ट्रगौरव और एनवॉयरमेंटर स्टडीज की परीक्षा पांच और छह अगस्त को दोपहर दो से 3.30 बजे की पाली में होगी। पहले दिन पांच अगस्त को बीकॉम, बीकॉम आनर्स छठा सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर, बीकॉम तृतीय वर्ष और बीएससी एवं बीएचएससी चतुर्थ सेमेस्टर, छठा सेमेस्टर, बीएससी और बीएचएससी तृतीय वर्ष, बीबीए, बीसीए, बीवोक, चतुर्थ सेमेस्टर, छठे सेमेस्टर, बीएससी एजी चतुर्थ, छठे एवं आठवें सेमेस्टर की परीक्षा होगी। वहीं छह जुलाई को बीए, बीए आनर्स चतुर्थ और छठा सेमेस्टर, बीए तृतीय वर्ष, बीएजेएमसी, बीवीए, बीएफए चतुर्थ सेमेस्टर, बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की राष्ट्रगौरव और एनवॉयरमेंटर स्टडीज की परीक्षा होगी।

परीक्षा न होने से सबसे ज्यादा परेशान पुराने पाठ्यक्रम अन्तिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राए थे, इनमें से कुछ की फाइनल परीक्षाएं हो चुकी हैं, उनकी राष्ट्रगौरव की परीक्षा सत्र 2021-22 में नहीं हुई थी।

बीएससी, एलएलबी के परिणाम जारी किए गए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीएससी (एनईपी) प्रथम सेमेस्टर, एलएलबी तृतीय वर्षीय प्रथम सेमेस्टर और बीएएमएस फाइनल प्रोफेशन का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि तीनों पाठ्यक्रम के परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र और छात्राएं वेबसाइट देख सकते हैं।

एलयू में 24 तो एकेटीयू में 1580 ने छोड़ी परीक्षा

परीक्षाएं

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।

लखनऊ विश्वविद्यालय और एकेटीयू में सत्र 2021-22 की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गईं। पहले दिन एकेटीयू के 1580 एवं एलयू के 24 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। एकेटीयू की परीक्षाओं में पहले दिन 40 छात्र अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़े गए।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार से बीए छठे सेमेस्टर, बीएससी छठे सेमेस्टर एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स की परीक्षा हुई। पहली पाली सुबह नौ से 10.30 एवं दूसरी पाली दोपहर दो से 3.30 बजे तक हुई। बीए में पहले दिन फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत विषय का प्रथम पत्र छात्र-छात्राओं ने हल किया। वहीं बीएससी में जियोलॉजी का प्रथम पत्र हल किया गया। पहले दिन की परीक्षाओं के लिए दोनों पाली में 1170 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें से 24 ने परीक्षा छोड़ी दी। वहीं जानकारी के अनुसार शनिवार से बीकॉम छठे सेमेस्टर व अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा शुरू हो रही है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार से सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गईं।

एकेटीयू में उपस्थिति फेस बायोमीट्रिक से दर्ज हो रही

एकेटीयू के सत्र 2021-22 की सम सेमेस्टर स्नातक एवं परास्नातक के रेगुलर एवं कैरीओवर के द्वितीय चरण के पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर और बीटेक व बीफार्मा के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई। परीक्षा नियंत्रक डा अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन 45515 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 1580 ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पाली में कुल 40 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। छात्रों की उपस्थिति फेस बायोमीट्रिक से दर्ज की जा रही है। इसी वजह से बड़ी संख्या में नकलची पकड़े गए।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : प्रवेश आवेदन का आज आखिरी दिन

12000 सीटों पर होंगे दाखिले, दूसरे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भी प्रवेश प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार

माई सिटी रिपोर्ट

लखनऊ। सभी बोर्ड के इंटरमीडिएट के परिणाम आ जाने के बाद राजधानी के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। कई जगह पर आवेदन आखिरी चरण में हैं तो कुछ जगहों पर तिथि आगे बढ़ाई जा रही है।

लविवि प्रशासन के अनुसार बीए, बीएससी, बीकॉम की 4000 और एमए, एमएससी, एमकॉम व डिप्लोमा-सर्टिफिकेट की 8000 सीटों के लिए प्रवेश आवेदन व अंक अपलोड करने की आखिरी तिथि 30 जुलाई है। हालांकि, अंतिम तिथि को ही यह तय किया जाएगा कि प्रवेश आवेदन का मौका और दिया जाएगा या नहीं।

■ ***भाषा विवि में कल तक आवेदन :*** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीजेएमसी व एमए, एमएससी, एमकॉम, एमजेएमसी कोर्सों में प्रवेश के लिए आखिरी तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। यहां बीसीए, एमसीए, बीटेक, एमटेक, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्सों में भी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं। विवि प्रशासन के अनुसार बीटेक, एमटेक, एमबीए व एमसीए में परीक्षा के आधार पर व अन्य में मेरिट से दाखिले होंगे।

■ ***पुनर्वास विवि में पांच तक मौका :*** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में भी इंटर के परिणाम आने के बाद प्रवेश प्रक्रिया गति पकड़ने लगी है। विवि प्रशासन ने यूजी-पीजी कोर्सों में प्रवेश आवेदन के लिए पांच अगस्त तक का मौका दिया गया है। रजिस्ट्रार अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस बार काफी संख्या में आवेदन आ चुके हैं। अभी यह तय नहीं किया है कि आगे तिथि बढ़ाई जाएगी या नहीं। आवेदन के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया का तरीका तय किया जाएगा।

जेएनपीजी में पांच तक अपलोड करें नंबर

जेएनपीजी कॉलेज में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन का मौका पांच अगस्त तक दिया गया है। प्राचार्य प्रो. मीता साह ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने फॉर्म भर दिया था, लेकिन इंटर का अंकपत्र अपलोड नहीं कर पाए थे, वे अपने प्राप्तांक फॉर्म में भरकर अंकपत्र अपलोड करके इसका प्रिंट पांच अगस्त पे पूर्व प्राप्त कर लें।

शिया में 15, इस्लामिया में 16 तक आवेदन

शिया पीजी कॉलेज में स्नातक, परास्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन 15 अगस्त तक किए जा सकते हैं। वहीं, इस्लामिया डिग्री कॉलेज में 16 अगस्त तक आवेदन का मौका होगा। उधर, नेशनल पीजी कॉलेज ने अपने यहां इंटर के नंबर अपलोड करने की तिथि दो अगस्त तक निर्धारित की है, जबकि अटल बिहारी बाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज शनिवार को प्रवेश समिति की बैठक कर आवेदन की आखिरी तिथि तय करेगा।

JAGRAN CITY PAGE I

लविवि में शुरू हुई इवेन सेमेस्टर की परीक्षाएं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में शुक्रवार से इवेन सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन बीए-बीएससी फाइनल ईयर की परीक्षाएं शुरू हुईं, जबकि शनिवार से बीकॉम फाइनल ईयर की परीक्षाएं शुरू होंगी। पहले दिन सुबह की पाली में नौ से 10.30 बजे तक बीए छठे सेमेस्टर की फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत आदि विषयों की परीक्षा हुई। इसके साथ ही बीएससी छठे सेमेस्टर जियोलॉजी की भी परीक्षा हुई। शनिवार को बीकॉम छठे सेमेस्टर इनकम टैक्स लॉ एंड एकाउंट की परीक्षा सुबह की पाली में होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सुबह की पाली में रजिस्टर्ड 862 में से 18 व दूसरी पाली में 308 में से छह विद्यार्थी अनुपस्थित थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

■ ***वीसी ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण :*** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में 27 जुलाई से शुरू हुई सेमेस्टर परीक्षाओं का शुक्रवार को कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई आदि के निर्देश दिए। निरीक्षण में प्राक्टर प्रो. वीके सिंह, केंद्र अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र यादव आदि शामिल थे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि शुरुआत में फाइनल ईयर की परीक्षाएं आयोजित की जा रही

लखनऊ विश्वविद्यालय में इवेन सेमेस्टर की परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। -अमर उजाला

राष्ट्र गौरव व एनवायर्नमेंट स्टडीज की परीक्षा पांच से

लखनऊ। लविवि में राष्ट्र गौरव व एनवायर्नमेंट स्टडीज की परीक्षा पांच व छह अगस्त को होगी। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार पांच अगस्त को दोपहर दो से 3.30 बजे तक बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स चौथे व छठे सेमेस्टर, बीकॉम थर्ड ईयर, बीएससी, बीएससी होम साइंस चौथे व छठे सेमेस्टर, बीएससी व बीएससी होम साइंस थर्ड ईयर, बीबीए, बीसीए, बीवोक चौथे व छठे सेमेस्टर, बीएससी एग्रीकल्चर चौथे, छठे, आठवें सेमेस्टर का पेपर होगा। वहीं, छह अगस्त को बीए-बीए ऑनर्स चौथे व छठे सेमेस्टर, बीए पार्ट थ्री, बीजेएमसी, बीवीए, बीएफए चौथे व छठे सेमेस्टर और बीपीएड चौथे सेमेस्टर का पेपर होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि कुलपति सम्मानित

लखनऊ। नैक में लविवि को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने की खुशी में शुक्रवार को तिलक गर्ल्स हॉस्टल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय, प्रोवोस्ट डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डीएसडब्ल्यू पो. पूनम टंडन, प्रो. संगीता साहू, डॉ. ओपी शुक्ला की मौजूदगी में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को सम्मानित किया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

इंटर्नशिप व जॉब के मिले अवसर

लखनऊ। लविवि के छात्रों को विभिन्न कंपनियों में इंटर्नशिप व जॉब के अवसर मिले हैं। विवि के निदेशक केंद्रीय प्लेसमेंट सेल डॉ. संजय मेधावी ने बताया कि विब्योर में फाइनेंस एंड मार्केटिंग व ट्रिडज में कारपोरेट एक्यूशन (मार्केटिंग) में इंटर्नशिप का ऑफर है। वहीं, लेतु एजुकेशन सर्विसेज में एडमिशन काउंसलर, टेली सेल्स एग्जीक्यूटिव, मिस्टे में कस्टमर मैनेजमेंट, बुकिंग मैनेजमेंट, एस्कालेशन मैनेजमेंट व सपोर्ट सर्विसेज और फेडरल बैंक में ऑफिसर इन जूनियर मैनेजमेंट पद पर जॉब के अवसर हैं। इसके लिए स्नातक व परास्नातक के छात्र अर्ह हैं। वह लविवि की वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

■ ***एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर का परिणाम जारी:*** **लखनऊ।** लविवि प्रशासन ने शुक्रवार को एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम पहले सेमेस्टर, बीएससी एनईपी पहले सेमेस्टर व बीएएमएस फाइनल प्रोफेशन का परिणाम जारी कर दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE I

स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू

जासं, लखनऊ: लवि की ओर से स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हो गई। सुबह की पाली में बीए, बीएससी छठे सेमेस्टर और दोपहर में एमकाम एप्लाइड इकोनामिक्स में रिसर्च मैथडोलाजी विषय की परीक्षा हुई। विश्वविद्यालय परिसर व कालेजों में प्रवेश पत्र देखकर एक घंटे पहले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया।

स्नातक चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 47 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के पहले दिन सुबह की पाली में 9 से 10.30 बजे बीए छठे सेमेस्टर में फ्रेंच फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत पेपर 1 और बीएससी चौथे सेमेस्टर में जियोलाजी पेपर-1 विषय की परीक्षा थी। परीक्षार्थियों को दूर-दूर बैठाया गया था। इस दौरान कई परीक्षार्थी बैग लेकर पहुंचे तो प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने बैग बरामदे में रखवा दिए, साथ ही भविष्य में न लाने की चेतावनी भी दी। श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज सहित अन्य केंद्रों पर भी परीक्षा शांति से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा में पहले दिन 1,170 परीक्षार्थी शामिल हुए व 24 अनुपस्थित रहे।

JAGRAN CITY PAGE I

लवि : आज रात 12 बजे तक आवेदन का मौका

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट सहित सभी कोर्सों में आनलाइन आवेदन की तिथि 30 जुलाई तक निर्धारित है। अभ्यर्थी रात 12 बजे तक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन सकते हैं। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन तिथि बढ़ाने पर विचार कर रहा है। (जासं)

i-NEXT PAGE 4

एलयू में शुरू हुए इवेन सेमेस्टर के एग्जाम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (29 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से यूजी व पीजी इवेन सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हो गई. सुबह की पाली में बीए, बीएससी छठे सेमेस्टर और दोपहर में एमकाम एप्लाइड इकोनामिक्स में रिसर्च मैथडोलाजी विषय की परीक्षा हुई. यूनिवर्सिटी परिसर व कालेजों में प्रवेश पत्र देखकर एक घंटे पहले स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया गया. यूजी चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 47 केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षा के पहले दिन सुबह की पाली में 9 से 10.30 बजे बीए छठे सेमेस्टर में फ्रेंच फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत पेपर 1 और बीएससी चौथे सेमेस्टर में जियोलाजी पेपर-1 विषय की परीक्षा थी. परिसर के अटल ब्लाक में चार कमरों में स्टूडेंट्स को दूर-दूर बैठाया गया था. इस दौरान कई स्टूडेंट्स बैग लेकर पहुंचे तो प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने बैग बरामदे में रखवा दिए, साथ ही भविष्य में न लाने की चेतावनी भी दी. श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज सहित अन्य केंद्रों पर भी परीक्षा शांति से संपन्न हुई. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पाली की परीक्षाओं में पहले दिन 1,170 स्टूडेंट्स शामिल हुए व 24 अनुपस्थित रहे.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

विश्वविद्यालयों की समसेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार से बीए, बीएससी, बीएससी, बीकॉम, बीपीएड एवं अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गईं। परीक्षा के दौरान सघ दल ने पैनी निगाह बनाये रखा। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह आठ बजे से और द्वितीय पाली की परीक्षाएं दिन में एक बजे से शुरू हुई।

एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षा में 45515 परीक्षार्थी शामिलडॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 की सम सेमेस्टर स्नातक एवं परास्नातक के रगुलर एवं कैरीओवर के द्वितीय चरण के पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर और बीटेक व बीफार्मा के द्वितीय वर्ष के चतर्थ सेमेस्टर की परीक्षा शक्रवार से शुरू हो गई। परीक्षा नियंत्रक डा अनराग त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन 45515 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । जबकि 1580 ने परीक्षा छोड़ दी। पहले दिन दोनों पारियों में कुल 40 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 123 बनाये गये है। परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित की जा रही है।

शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में कुलपति ने किया निरीक्षणडा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पनर्वास विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 की अंतिम सेमेस्टर परीक्षा के दौरान कुलपति राणा कृष्ण पाल सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति की ओर से कोविड के दृष्टिगत साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए गये। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्राक्टर वी. के सिंह उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कमार राय ने बताया कि उक्त सेमेस्टर परीक्षा शांति एवं सचारु रूप से सम्पन्न हुई। परीक्षा सीसी टीवी कैमरे की निगरानी मे करायी जा रही हैं।

सघल दल की केन्द्रों पर रही पैनी नजर

तिलक छात्रावास में कलपति का अभिनन्दनउत्सवब्आज मै ऊपर, आसमाँ नीचे' जैसें गीतो और डॉस के बीच हॉलेल्लास पूर्वक तिलक छात्रावास में छात्राओं और अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय को नैक ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तथा श्रीमती संगीता राय का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर छात्राओं ने मनमोहक नृत्यगीत प्रस्तुतियाँ देते हुए इस सफलता का जश्न मनाया।

इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. टीम के प्रो. राजीव मनोहर तथा गीताञ्जलि को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पाण्डेय, तिलक छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ. ओ.पी.शुक्ला, डॉ. महेन्द्र कुमार, विभिन्न छात्रावासों के प्रोवोस्ट तथा विश्वविद्यालय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्र गौरव विषय की परीक्षा पांच और छह अगस्त को

जासं, लखनऊ : लवि ने बीए, बीएससी व बीकाम के विद्यार्थियों की राष्ट्र गौरव एवं इन्वायरमेंट स्टडीज विषय की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया। यह परीक्षा पांच और छह अगस्त को दोपहर की पाली में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसका विस्तृत कार्यक्रम देख सकते हैं।

ये है परीक्षा तिथि : पांच अगस्त : बीकाम, बीकाम आनर्स चौथा, छठा सेमेस्टर, बीकाम तीन वर्षीय, बीएससी, बीएसएससी चौथा, छठा सेमेस्टर, बीएससी एवं बीएचएससी तीन वर्षीय, बीबीए, बीसीए, बीवोक चौथे व छठा सेमेस्टर, बीएससी एग्रीकल्चर चौथा, छठा व आठवां सेमेस्टर। परीक्षा का समय दोपहर दो से 3 .30 बजे।

छह अगस्त : बीए, बीए आनर्स चौथा व छठा सेमेस्टर, बीए पार्ट 3, बीएजेएमएसी, बीवीए, बीएफए चौथा व छठा सेमेस्टर, बीपीएड चौथा सेमेस्टर।

एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीएएमएस फाइनल प्रोफेशन, बीएससी एनईपी (नई शिक्षा नीति) प्रथम सेमेस्टर व एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

बीएससी, एलएलबी के परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीएससी (एनईपी) प्रथम सेमेस्टर, एलएलबी तृतीय वर्षीय प्रथम सेमेस्टर और बीएएमएस फाइनल प्रोफेशन का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि तीनों पाठ्यक्रम के परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।